
RRB ALP & TECHNICIAN 2024
&
झारखण्ड पुलिस भर्ती
Pilot Batch (CBT- 1&2)
सेवक बैच
HISTORY
मौर्योत्तर काल
Part -2
LIVE 28-02-2024 09:00 AM

## आन्ध्र सातवाहन / सातवाहन वंश → (30 BC - 250 AD)

⇒ संस्थापक :- सिमुक (कण्व वंश के अन्तिम शासक सुशर्मन की हत्या करके)

⇒ राजधानी :- प्रतिष्ठान

⇒ पुराणों में सातवाहन वंश को आन्ध्रजातीय या आन्ध्रभृत्य कहा गया है।

⇒ ② कृष्ण

③ शातकर्णी प्रथम :- सातवाहन वंश का प्रथम योग्य शासक था, जिसकी उपलब्धियाँ का ज्ञान नायनिका (नागनिका) के नानाघाट अभिलेख से मिलता है।

⇒ नागनिका का नानाघाट अभिलेख भूमि अनुदान का पहला उल्लेखीय साक्ष्य है।

⇒ पत्नी :- नायनिका (नागनिका) → अंगीय वंश की राजकुमारी

⇒ साँची स्तूप के दक्षिणी तोरण द्वार के अभिलेख पर शातकर्णी प्रथम का उल्लेख है

IMP

⇒ हाल :

⇒ प्राकृत भाषा में गाथासप्तसती नामक पुस्तक की रचना की थी

↳ वर्णन : प्रेमकथाओं का वर्णन

⇒ **गौतमीपुत्र शातकर्णी** : (106 ई० – 130 ई०)

⇒ सातवाहन वंश का सबसे महानतम शासक था, गौतमी पुत्र शातकर्णी ने अपनी माता के साथ मिलकर शासन किया था।

⇒ **साम्राज्य** :- उत्तर में मालवा व काठियावाड से लेकर दक्षिण में कृष्णा नदी तक फैला था पूर्व में विदर्भ से पश्चिम में कोंकण तक

⇒ नासिक अभिलेख में गौतमीपुत्र शातकर्णी को एकमात्र ब्राह्मण व अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया

⇒ शक शासक नहपान को मार डाला था।

⇒ वशिष्ठीपुत्र पुलुमावी :- (130 ई० - 154 ई०)

⇒ उपाधि :- दक्षिणापथेश्वर

⇒ वशिष्ठीपुत्र पुलुमावी एकमात्र सातवाहन शासक था, जिसका अमरावती अभिलेख मिला है।

⇒ आन्ध्र प्रदेश पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रथम आन्ध्र सम्राट कहलाया।

⇒ सिक्कों पर 'दो पतवार वाले जहाजों' का चित्र बना है।

## विविध :-

⇒ सातवाहनो के समय सर्वाधिक मुद्रा किस धातु की बनी थी – सीसा

⇒ ब्रह्मणो को भूमि अनुदान देने की प्रथा किस वंश के शासको → सातवाहन वंश।

⇒ सातवाहनो का समाज कैसा था :- मातृसत्तात्मक

⇒ सातवाहनो की भाषा व लिपी :- प्राकृत व ब्राह्मी।

## विदेशी उत्तराधिकारी :

⇒ मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद मध्य एशिया से हिन्द यवन – शक – पह्लव – कुषाण भारत पर ने आक्रमण किया तथा एक बड़े क्षेत्र पर अधिकार स्थापित किया

(इंडो-ग्रीक)

## हिन्द यवन : इंडो ग्रीक

- डेमेट्रियस //
- यूक्रेटाइड्स

⇒ **डेमेट्रियस :**

⇒ राजा मिनांडर (165 BC – 145 BC)

→ राजधानी → स्यालकोट (साकल)

⇒ बौद्ध धर्म में राजा मिनांडर को मिलिन्द कहा है।

⇒ मिलिन्दपन्हो में नागसेन व राजा मिनांडर का वर्णन है।